PRGI : APHIN/26/A3657

पेन पॉवर

हिंदी दैनिक समाचार पत्र



वर्ष - 1 अंक - 105 मंगलवार, नवंबर 3, 2026 विशाखापट्टनम संपादक: गंट्यादा अप्पाराव पृष्ठों. 4 मूल्य. 1रु

फर्स्ट कॉलम

उमर अब्दुल्ला को 25 विधायकों ने अल्टीमेटम दिया



जम्मू, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के 25 विधायकों ने रविवार को पार्टी नेतृत्व को 14 दिन का अल्टीमेटम दिया है। विधायकों ने मांगें पूरी नहीं होने पर सरकार से समर्थन वापस लेने की धमकी दी है। इन विधायकों ने मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर सोगामी और 27 अक्टूबर को कैबिनेट विस्तार में बने 4 नए मंत्रियों को हटाने की मांग की। इसके साथ ही वे मंत्रिमंडल में बड़े बदलाव की मांग कर रहे हैं। सोगामी पर पार्टी नेतृत्व को गुमराह करने और संगठन के कामकाज में हस्तक्षेप करने का आरोप है। श्रीनगर से सांसद आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी ने भी इस्तीफे का ऐलान किया है।

कुशीनगर में वैन और ट्रक की टक्कर, छह लोगों की मौत

कुशीनगर,एजेंसी। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में सोमवार देर रात एक ओमनी वैन की ट्रेलर ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना हाटा थाना क्षेत्र के तरुआडीह इलाके के पास हुई। वैन में आठ लोग सवार थे। सभी हाटा में तिलक समारोह में शामिल होने के बाद कप्तानगंज लौट रहे थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लिया और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल दुर्घटनास्थल पर पहुंचने और राहत कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।

नौसेना को मिलेंगे 8 अत्याधुनिक युद्धपोत, 53,866 करोड़ रुपए के करार



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए देश में आठ अत्याधुनिक अगली पीढ़ी के कॉर्वेट युद्धपोत बनाए जाएंगे। रक्षा मंत्रालय ने इन युद्धपोतों के निर्माण और खरीद के लिए गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) के साथ कुल 53,866.50 करोड़ रुपए के करार किए हैं। 12 नवंबर को नई दिल्ली के कर्तव्य भवन-2 में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में इन करारों पर हस्ताक्षर किए गए। इन अगली पीढ़ी के कॉर्वेट युद्धपोतों में आधुनिक मिसाइलों, हथियारों और सेंसर प्रणालियों से लैस अत्याधुनिक क्षमताएं होंगी।

Cartoon Corner



ऐतिहासिक स्थलों और सार्वजनिक जगहों को जोड़ने की योजना

दिल्ली में 3.3 किमी लंबे नेताजी सुभाष मार्ग का होगा कायाकल्प

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार राजधानी के प्रमुख ऐतिहासिक और व्यस्त मार्गों में शामिल नेताजी सुभाष मार्ग के पुनर्विकास की योजना तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, इंद्रप्रस्थ हेरिटेज रीडेवलपमेंट कॉरपोरेशन (आईवीपीएन) की अगुवाई में इस परियोजना का उद्देश्य दिल्ली गेट से कश्मीरी गेट तक लगभग 3.3 किलोमीटर लंबे मार्ग को अधिक व्यवस्थित, सुंदर, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना है।

इस योजना में सड़क के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ आसपास के ऐतिहासिक स्मारकों, पार्कों और सार्वजनिक स्थानों को आपस में जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार की सोच है कि यह मार्ग केवल आवागमन का रास्ता न रहे, बल्कि दिल्ली के इतिहास, विरासत, वास्तुकला और संस्कृति को आधुनिक शहरी जीवन से जोड़ने वाला जीवंत गलियारा बने।

प्रस्तावित गलियारा दिल्ली गेट से कश्मीरी गेट तक होगा। सड़क की उपलब्ध चौड़ाई के आधार पर सौंदर्यीकरण योजना को तीन हिस्सों में बांटा गया है। पहला हिस्सा कश्मीरी गेट से जीपीओ चौक तक होगा। यह गलियारे का सबसे व्यस्त हिस्सा है, जिसकी चौड़ाई 12 से 24 मीटर के बीच है। दूसरा हिस्सा जीपीओ से बृज मोहन चौक तक होगा, जो जामा मस्जिद की ओर जाने वाले रास्ते का चौराहा है। इसकी औसत चौड़ाई 45 मीटर है।

■ परिचय पार्क विकसित करने की परिकल्पना की गई

इसके साथ ही अग्रसेन पार्क, लोधियन कब्रिस्तान, पुराना रेलवे स्टेशन चौक, लाल किले के पास हरित क्षेत्र, लाल किले का दशहरा मैदान, चांदनी चौक-लाल किला चौराहा, सुनहरी मस्जिद का उद्यान, सुभाष पार्क, बृज मोहन चौक, दिल्ली गेट चौक, एकता स्थल और हिंदी पार्क सहित 12 प्रमुख स्थानों और हरित क्षेत्रों को भी इस योजना से जोड़ने का प्रस्ताव है। इस पहल का उद्देश्य मार्ग के किनारे मौजूद हरित क्षेत्रों को बेहतर बनाना और शहर के इस ऐतिहासिक हिस्से को अधिक आकर्षक बनाना है।

सुविधाएं विरासत की गरिमा और गौरव को और बढ़ाए

इसके अलावा, सजावटी दीवारें, बैठने के लिए निर्धारित स्थान और क्षेत्र की विरासत को दर्शाने वाले डिजाइन भी योजना का हिस्सा हैं। पैदल यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित क्रॉसिंग, ट्रैफिक सिग्नल और व्यवस्थित चौराहे भी बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री और इंद्रप्रस्थ हेरिटेज रीडेवलपमेंट कॉरपोरेशन (आईवीपीएन) की अध्यक्ष रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली केवल देश की राजधानी नहीं है, बल्कि यह सदियों के इतिहास, गौरवशाली विरासत, विविध संस्कृति और जीवंत परंपराओं का प्रतीक है। पुरानी दिल्ली इस ऐतिहासिक पहचान का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां लाल किला, जामा मस्जिद, चांदनी चौक, सुभाष पार्क और कश्मीरी गेट जैसे स्थल मौजूद हैं, जो हमारी समृद्ध विरासत की कहानी बताते हैं। उन्होंने आगे कहा कि नेताजी सुभाष मार्ग का पुनर्विकास राजधानी में आधुनिक शहरी सुविधाओं को शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विकास के नाम पर दिल्ली की ऐतिहासिक पहचान और सांस्कृतिक विरासत से समझौता न हो, बल्कि आधुनिक सुविधाएं उसकी विरासत की गरिमा और गौरव को और बढ़ाएं।



महाराष्ट्र में वित्त मंत्रालय एनसीपी को लौटाने की मांग हुई तेज

पार्टी के छह वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात की

नई दिल्ली, एजेंसी

महाराष्ट्र में वित्त मंत्रालय का विभाग एनसीपी को वापस दिए जाने की मांग के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के छह वरिष्ठ नेताओं ने सोमवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

अमित शाह से मिलने वाले नेताओं में धनंजय मुंडे, सुनील तटकरे, प्रफुल्ल पटेल, हसन मुश्रीफ, छगन भुजबल और दिलीप वलसे पाटिल शामिल थे। यह मुलाकात महाराष्ट्र में वित्त मंत्रालय का विभाग एनसीपी को वापस सौंपने की मांग को लेकर पार्टी के भीतर चल रही चर्चाओं के बीच हुई। बैठक में सुनेत्रा पवार और पार्थ पवार की गैरमौजूदगी ने पार्टी के नेतृत्व को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

इस बीच, सोमवार शाम 4 बजे मुंबई में अजित पवार के आवास देवगिरी पर एनसीपी की कोर कमेटी की बैठक प्रस्तावित है। महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री और एनसीपी अध्यक्ष सुनेत्रा पवार ने शुक्रवार को पार्टी में अंदरूनी मतभेदों की खबरों को खारिज किया था। उन्होंने कहा था कि पार्टी नेताओं के बीच कोई मतभेद नहीं है और चुनाव में हार मिलने पर आत्ममंथन करने की जरूरत होती है। हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है। जब भी चुनाव होते हैं, तो जीत और हार मिलती है। अगर हार होती है, तो आत्ममंथन करने की जरूरत होती है। हम निश्चित रूप से आत्ममंथन करेंगे।

उनका यह बयान महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में एनसीपी को झटका लगने के कुछ दिनों बाद आया। पार्टी के उम्मीदवार और लगातार तीन बार विधान परिषद सदस्य रहे सतीश चव्हाण छत्रपति संभाजीनगर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव हार गए। उन्हें एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के प्रतापसिंह पाटिल ने हराया।

महादेव सट्टा ऐप मामले में सौरभ चंद्राकर से होगी पूछताछ : मुख्यमंत्री साय

नई दिल्ली, एजेंसी



रायपुर। महादेव सट्टेबाजी स्कैम केस और मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर के ओमान से दिल्ली प्रत्यर्पण और उसके बाद रायपुर ट्रांसफर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की प्रतिक्रिया सामने आई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा महादेव सट्टा ऐप के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर को देश में लाया जाए, इसको लेकर सीबीआई का प्रयास था। अब इस मामले में सभी जानकारियां मिलेंगी। यह बड़ी सफलता है।

इसको लेकर सीबीआई और केंद्रीय एजेंसियों को बहुत-बहुत बधाई। छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने रविवार को कहा था सीबीआई ने इंटरपोल की मदद से ऑनलाइन बेटिंग सिंडिकेट के आरोपी सौरभ चंद्राकर का प्रत्यर्पण सफलतापूर्वक करवा लिया है, साथ ही कहा कि पूछताछ से अहम जानकारियां सामने आने की उम्मीद है। बता दें कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने महादेव ऐप के अवैध सट्टेबाजी सिंडिकेट के प्रमोटर और मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर को ओमान से प्रत्यर्पित कर भारत वापस लाने में सफलता हासिल की है। सीबीआई की एक विशेष टीम उसे ओमान से भारत लेकर आई है। अब उसे रायपुर स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा।

राजनाथ सिंह ने नए वायुसेना प्रमुख आशुतोष दीक्षित से की मुलाकात

नई दिल्ली,एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नवनियुक्त वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित से मुलाकात की और उन्हें सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में एयर चीफ मार्शल दीक्षित को उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता के लिए पहचाने जाने वाले प्रतिष्ठित वायु योद्धा बताया और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

नवनियुक्त वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित से मुलाकात की। वह उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता के लिए पहचाने जाने वाले एक प्रतिष्ठित वायु योद्धा हैं। मैं उनके सफल और शानदार कार्यकाल की कामना करता हूं। एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएम और वीएसएम ने 31 अक्टूबर 2026 को भारतीय वायुसेना के 29वें प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, पीएसएम और एवीएसएम का स्थान लिया, जो देश की 42 वर्षों की विशिष्ट सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। नवनियुक्त वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने रविवार को 'वायु' विजन के तहत भारतीय वायुसेना की प्राथमिकताओं की रूपरेखा पेश की। उन्होंने युद्धक तैयारी, स्वीकृत लड़ाकू विमानों की संख्या बहाल करने, स्वदेशी रक्षा क्षमताओं, तकनीकी नवाचार और तीनों सेनाओं के बीच आपसी तालमेल पर जोर दिया। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित को 6 दिसंबर 1986 को भारतीय वायुसेना की लड़ाकू विमान शाखा में कमीशन मिला था।

आम आदमी पार्टी से निलंबित तीन विधायकों ने थामा भाजपा का दामन

नई दिल्ली, एजेंसी



आम आदमी पार्टी के निलंबित तीन विधायकों ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ज्वाइन कर ली। विधायक कुंवर विजय प्रताप सिंह, हरमीत सिंह पठानमाजरा और चेतन सिंह जौरामाजरा ने भाजपा का दामन थामा। पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने कहा भाजपा का काफिला दिनों-दिन बढ़ रहा है।

बड़ी खुशी हो रही है कि कुंवर विजय प्रताप सिंह, हरमीत सिंह पठानमाजरा और चेतन सिंह जौरामाजरा भाजपा में शामिल हो गए हैं। दिल की गहराई से उनका धन्यवाद। आम आदमी पार्टी डूबती नाव है। आम आदमी पार्टी ने अपने दो विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा और चेतन सिंह जौड़ामाजरा को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया था। अब आम आदमी पार्टी विधानसभा स्पीकर से उनकी सदस्यता भी रद्द करने की मांग करेगी। दोनों विधायकों ने भी आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। बीते दिन पंजाब के पटियाला जिले की दो विधानसभा सीटों से आम आदमी पार्टी के विधायकों ने इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, पार्टी ने कहा था कि इन दोनों विधायकों को कार्रवाई के तहत निकाला गया है। विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

हनोई में एनएसए अजीत डोभाल और रक्षा मंत्री के बीच बातचीत


भारत और वियतनाम रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सहमत

हनोई,एजेंसी

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने सोमवार को हनोई में वियतनाम के उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग के साथ बातचीत की। इस दौरान दोनों पक्षों ने जारी द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा की और इस क्षेत्र में आपसी जुड़ाव को और मजबूत करने पर सहमति जताई।

वियतनाम में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के जरिए बैठक की जानकारी साझा की। दूतावास ने बताया कि दोनों पक्षों ने रक्षा सहयोग की प्रगति पर चर्चा की और इसे आगे बढ़ाने के तरीकों पर विचार किया।

दूतावास ने पोस्ट में कहा एनएसए अजीत डोभाल ने आज कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के पोलित ब्यूरो सदस्य, वियतनाम के उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग से मुलाकात की। दोनों ने जारी द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा की और इस क्षेत्र में आपसी जुड़ाव को और गहरा करने पर सहमति जताई। डोभाल वियतनाम की आधिकारिक यात्रा पर हनोई पहुंचे थे। इस दौरान उनका वियतनाम के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करने और दोनों देशों के बीच विस्तारित व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करने का कार्यक्रम है।



एनएसए के स्वागत में वियतनाम स्थित भारतीय दूतावास ने पहले एक्स पर लिखा था वियतनाम में आपका स्वागत है! भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल हनोई की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे हैं। इस यात्रा के दौरान एनएसए भारत-वियतनाम विस्तारित व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत वियतनाम के नेतृत्व से बातचीत करेंगे। यह यात्रा मई 2026 में वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम की भारत यात्रा के दौरान भारत-वियतनाम संबंधों को विस्तारित व्यापक रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिए जाने के बाद हो रही है।

उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की

पिछले महीने भारत और वियतनाम के बीच नई दिल्ली में चौथे सुरक्षा संवाद का आयोजन हुआ था। इसमें आतंकवाद से मुकाबला, साइबर सुरक्षा, समुद्री सहयोग, आर्थिक सुरक्षा और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की गई थी। केंद्रीय विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, इस संवाद की सह-अध्यक्षता भारत के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पवन कपूर और वियतनाम के सार्वजनिक सुरक्षा उप मंत्री, वरिष्ठ लेफ्टिनेंट जनरल फाम थे तुंग ने की थी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दोनों पक्षों ने सुरक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में जारी सहयोग की व्यापक समीक्षा की और क्षेत्रीय तथा वैश्विक सुरक्षा स्थिति पर विचार साझा किए। विदेश मंत्रालय ने कहा दोनों पक्षों ने आर्थिक सुरक्षा, समुद्री सहयोग, आतंकवाद से मुकाबला, उभरती प्रौद्योगिकियों और साइबर सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच जारी सहयोग की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा स्थिति पर भी विचार साझा किए और आपसी हित के मुद्दों पर करीबी सहयोग जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। भारत-वियतनाम सुरक्षा संवाद का चौथा संस्करण रणनीतिक महत्व के मुद्दों पर दोनों देशों के बीच लगातार जारी संपर्क को दर्शाता है। दोनों पक्ष पारंपरिक और उभरते सुरक्षा क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

संपादकीय

विधान परिषद- छोटा चुनाव बड़े सबक

विधान परिषद चुनावों में भाजपा मात्र छह सीटों पर पर अपनी साख बचाने में सफल रही जबकि समाजवादी पार्टी अपने पीडीए के बल पर पांच सीटें जीतने में सफल रही और यही नहीं उसने वाराणसी, आगरा व लखनऊ में बीजेपी के गढ़ों में परचम फहराकर भाजपा के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दीं। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक की 28 विधान परिषद सीटों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। सर्वाधिक 11 सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश का चुनाव परिणाम आ चुका है जो भाजपा तथा सपा के बीच 6-5 के परिणाम से समाप्त हुआ। यह था तो छोटा चुनाव किंतु इस पर सभी राजनैतिक विश्लेषकों की दृष्टि थी कि 2027 विधानसभा चुनाव के पहले कौन क्लीन स्वीप करता है किंतु शिक्षकों व स्नातकों ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि आगामी चुनाव किसी भी दल या गठबंधन के लिए बहुत आसान नहीं होंगे। मुकाबला कांटे का होगा। जिस दल के प्रत्याशी व कार्यकर्ता धरातल पर उतर कर अपने मतदाताओं के साथ गहन संपर्क व संवाद में रहेंगे उन्हीं को लाभ होगा। विधान परिषद चुनावों में भाजपा मात्र छह सीटों पर पर अपनी साख बचाने में सफल रही जबकि समाजवादी पार्टी अपने पीडीए के बल पर पांच सीटें जीतने में सफल रही और यही नहीं उसने वाराणसी, आगरा व लखनऊ में बीजेपी के गढ़ों में परचम फहराकर भाजपा के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दीं। अब सपा में उत्साह का वातावरण है। उसके नेता व प्रवक्ता कह रहे हैं कि वर्ष 2024 में अयोध्या में भगवान राम का आशीर्वाद उन्हें प्राप्त हुआ और अब 2026 में काशी की नगरी में महादेव और लखनऊ में प्रभु श्रीराम के अनुज लक्ष्मणजी का भी आशीर्वाद मिल चुका है। सफलता से उत्साहित समाजवादी पार्टी अब इसी नैरेटिव को आगे बढ़ाएगी। भारतीय जनता पार्टी के लिए अत्यंत सतर्क हो जाने का समय आ गया है। यदि वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश के मतदाताओं ने जो रवैया दिखाया था और सपा -कांग्रेस गठबंधन ने प्रदेश में लोकसभा की सर्वाधिक सीटें जीत ली थीं अगर वही रुख अभी भी बरकार है तब यह परिस्थितियों को और भी कठिन बना सकता है। भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ा झटका रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के संसदीय क्षेत्र लखनऊ की स्नातक सीट पर लगा है। यहाँ पार्टी के प्रत्याशी इंजीनियर अवनीश सिंह को सपा प्रत्याशी कांति सिंह ने बहुत आसानी से पराजित कर दिया। यह स्पष्ट संकेत है कि अगर भाजपा ने अपना चुनावी प्रबंधन और कार्यकर्ताओं व मतदाताओं के मध्य अपना संवाद, संपर्क, व्यवहार नहीं सुधारा तो फिरऔर भी नुकसान उठाना पड़ सकता है। वाराणसी का परिणम भी स्थिति को गंभीर बना रहा है। प्रदेश के संगठन पर सवालिया निशान भी उठ रहे हैं। वाराणसी का जनमानस प्रश्न कर रहा है कि जो उम्मीदवार पिछले चुनावों में पराजित हो चुका था, जनता के मध्य कभी नहीं रहता, केवल चुनावो के छह महीने पूर्व गणेश परिक्रमा करके पार्टी का टिकट कैसे लेकर आ जाता है? ऐसी परिस्थितियों में उन कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता है जो धरातल पर उतरकर पार्टी के लिए कड़ी मेहनत कर रहे होते हैं। वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में जितना विकास हुआ है उतनी किसी ने कल्पना भी नहीं करी थी फिर भी वहां भाजपा के वोट प्रतिशत में लगातार गिरावट और विधान परिषद की दोनों सीटों पर हार भाजपा के लिए चिंता का विषय है। काशी विश्वनाथ मंदिर का भव्य कारिडोर बना, जिससे पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई, रोप-वे बन रहा है, वाराणसी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम मिलने जा रहा है, रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर क्रियाशील है, काशी को सांस्कृतिक-आध्यात्मिक गतिविधियों पूरे भारत से से जोड़ा जा रहा है, निवेशक आ रहे हैं, काशी -तमिल संगमम का आयोजन किया जा रहा है। इस सबके बाद भी वाराणसी में एमएलसी चुनावों में दोनों सीटों पर पराजय स्थानीय नेतृत्व पर सवाल खड़े कर रही है। वाराणसी की पराजय से यह बात भी उठ रही है कि वाराणसी नगर भाजपा में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। भाजपा के लिए अच्छी बात ये है कि विधानसभा चुनावों के पूर्व एक लिटमस टेस्ट हो गया। अभी भी भाजपा के पास कार्यकर्ताओं में उत्साह जागरण तथा अपनी रणनीति नए सिरे से गढ़ने के लिए पर्याप्त समय है। प्रदेश भाजपा की नवगठित कर्यकारिणी की बैठक होने जा रही है जिसमें हर बिंदु पर चर्चा होगी। यहाँ अमित शाह जी की अध्यक्षता में कड़े कदम भी उठाए जा सकते हैं। दीपावली के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियां तथा भाजपा का चुनाव अभियान प्रारंभ होगा। भाजपा के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि जनमानस तो योगी-योगी कर रहा है किंतु कार्यकर्ताओं में उत्साह नहीं है। भाजपा के लिए अपने कार्यकर्ताओं में उत्साह जगाने का समय है क्योंकि विभिन्न कारणों से उणमें धरातल पर उत्साह नहीं दिखाई दे रहा है। अगर बीजेपी का कार्यकर्ता उत्साहित हो गया और घरों से निकल पड़ा तो फिर भाजपा आसानी से तीन सौ पार जा सकती है। भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की नाराजगी जितनी जल्दी जितना कम कर लेगी, टिकट वितरण सही होगा, योगी आदित्यनाथ सरकार चुनावों से पूर्व एक लाख नौकरी देने का वादा सफलतापूर्वक पूरा कर लेगी और साथ ही अगर 69,000 शिक्षकों की भर्ती का मामला सुप्रीम कोर्ट से सुलझ जाएगा तो विधानसभा चुनाव भाजपा के नियंत्रण में आ जाएगा।

हरित राजमार्ग सतत सड़क बुनियादी ढांचे की दिशा में भारत की यात्रा

भारत का हरित राजमार्ग दृष्टिकोण वृक्षारोपण, जलवायु-अनुकूल डिजाइन और संसाधन-कुशल निर्माण के माध्यम से सड़क बुनियादी ढांचे में बदलाव ला रहा है। पिछले पांच वर्षों में, लगभग 1.32 लाख किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों पर 3.61 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं। मियावाकी वनों से लेकर पुनर्चक्रित निर्माण सामग्री और स्वदेशी जैव-बिटुमेन प्रौद्योगिकी तक, हरित पद्धतियां राजमार्ग विकास को आकार दे रही हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग हरित आवरण सूचकांक के माध्यम से उपग्रह-आधारित निगरानी हरित आवरण के वैज्ञानिक आकलन को मजबूत कर रही है। सामुदायिक पहल और परागणकर्ता गलियारे भी व्यापक पारिस्थितिक आयाम जोड़ रहे हैं। भारत के राजमार्ग अब केवल संपर्क के गलियारे नहीं रह गए हैं। वे देश के व्यापक बुनियादी ढांचे में हो रहे बदलाव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन रहे हैं। जैसे-जैसे सड़क बुनियादी ढांचे का विस्तार हो रहा है, वैसे-वैसे ऐसे गलियारे विकसित करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है, जो दक्ष, सुदृढ़ और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार हों। पिछले एक दशक में, भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में लगभग 61 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 2014 में 91,287 किलोमीटर से बढ़कर मार्च 2026 तक 1,46,572 किलोमीटर हो गया है। इस तेजी से हुए विकास ने संपर्क को मजबूत किया है, बाजारों तक पहुंच में सुधार किया है और लोगों तथा वस्तुओं की तेज आवाजाही में सहायता की है। जैसे-जैसे सड़क बुनियादी ढांचे का विस्तार हो रहा है, वैसे-वैसे ऐसे गलियारे विकसित करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है, जो दक्ष, सुदृढ़ और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार हों। राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के किनारे बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, पुनर्चक्रित और अपशिष्ट से प्राप्त सामग्रियों का उपयोग, ऊर्जा-कुशल निर्माण पद्धतियां तथा हरित आवरण की उपग्रह-आधारित निगरानी अधिक टिकाऊ राजमार्ग नेटवर्क के निर्माण में योगदान दे रही हैं। भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को हरित बनाने का मार्गदर्शन हरित राजमार्ग (वृक्षारोपण, प्रतिरोपण, सौंदर्यीकरण और रखरखाव) नीति, 2015 द्वारा किया जाता है। इस नीति को निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए तैयार किया गया था: राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे वृक्षारोपण के लिए एक नीतिगत ढांचा विकसित करना। वायु प्रदूषण और धूल के प्रभाव को कम करना, क्योंकि पेड़ और झाड़ियां वायु प्रदूषकों के प्राकृतिक अवशोषक के रूप में जानी जाती हैं। तटबंधों की ढलानों पर मृदा अपरदन को रोकना। हवा और आने वाले विकिरण के प्रभाव को कम करना। स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना। नीति के कार्यान्वयन में कई हितधारक मिलकर काम करते हैं।

'भाजपा' के रणनीतिकारों के सामने कई सवाल छोड़ गया एमएलसी चुनाव!

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सीट वाराणसी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की सीट लखनऊ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गढ़ नागपुर के एमएलसी सीटों के इन चुनाव परिणामों के बाद अब पार्टी में ही संगठन की रणनीति और प्रत्याशी चयन पर सवाल उठाने की गुपचुप सुगबुगाहट शुरू हो गई है। देश के चार राज्यों (उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक) की 28 विधान परिषद (एमएलसी) सीटों पर चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं, सभी राजनीतिक दल व विश्लेषक परिणामों का अध्ययन करके उसके अपने-अपने लाभ-हानि के हिसाब से मायने निकाल रहे हैं। लेकिन इस बार का यह चुनाव कई ऐसे सवाल छोड़ गया है जिनका जवाब राजनीतिक दलों के रणनीतिकारों के साथ विशेषकर उत्तर प्रदेश के संदर्भ में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को जल्द से जल्द तलाश ना होगा। क्योंकि भाजपा को अन्य दलों से अलग मानते हुए किसी व्यक्ति या परिवार की जागीर की जगह संगठन को सर्वोपरि मानने वाला राजनीतिक दल माना जाता है और वैसे भी अंदरूनी गुटबाजी से दूर अनुशासन वाली पार्टी मानने का दावा भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा हमेशा सार्वजनिक रूप भी किया जाता है। लेकिन एमएलसी के चुनावों के परिणामों पर गौर करें तो उत्तर प्रदेश की हॉट सीट वाराणसी, लखनऊ व महाराष्ट्र में नागपुर जैसी हाईप्रोफाइल सीट पर हारने के पीछे भाजपा के कुछ राजनेताओं की अति महत्वाकांक्षा व अनुशासन का तार-तार होना बहुत बड़ी वजह माना जा रहा है। पहले पार्टी के अधिकांश राजनेता व कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से कार्य करते हुए धरातल पर नजर आते थे, लेकिन लंबे समय से सत्ता का सुख लगातार भोगने के कारण अब पार्टी के कुछ राजनेताओं का अहंकार अपने चरम पर है और वह सत्ता के मद में चूर होकर के जनता को ठेंगा दिखाकर चिढ़ाते हुए पार्टी के केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व तक के भी दिशा-निर्देशों की आये दिन अनदेखी करने का कार्य कर रहे हैं। जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह के दौर की भारतीय जनता पार्टी की पहचान एक ऐसे राजनीतिक दल के रूप में होती है, जिसके कार्यकर्ता व नेता किसी भी स्तर के चुनाव को हल्के में नहीं लेते हैं। लेकिन जिस तरह से उत्तर प्रदेश के एमएलसी चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन रहा है, उसने तो पार्टी के रणनीतिकारों को जीती हुई व हारी हुई सभी ही सीटों के परिणाम पर विस्तार से विश्लेषण करने के लिए सोचने पर मजबूर कर ही दिया है। क्योंकि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव हैं, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को योगी सरकार के कार्यों के दम पर चुनावों में जीत की हैट्रिक लगाने की पूरी उम्मीद है। जिस वक्त में यूपी के विधानसभा चुनाव सर पर हैं उस वक्त में पार्टी के शीर्ष रणनीतिकार एमएलसी चुनावों में हर सीट पर भाजपा प्रत्याशी की जीत का अंतर बढ़ाकर के विपक्षी दलों के जनता की अदालत से पैर उखाड़कर के भाजपा के पक्ष में माहौल बनाना चाहते थे। लेकिन सूत्रों के अनुसार लगातार मीटिंग व ईटिंग के बाद भी कुछ भाजपा नेताओं की ही चीटिंग के चलते भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का यह दांव जन अदालत में उल्टा हो गया है,



जिसका खामियाजा भारतीय जनता पार्टी को एमएलसी चुनावों की रणभूमि में कुछ सीटों पर हार के रूप में उठाना पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सीट वाराणसी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की सीट लखनऊ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गढ़ नागपुर के एमएलसी सीटों के इन चुनाव परिणामों के बाद अब पार्टी में ही संगठन की रणनीति और प्रत्याशी चयन पर सवाल उठाने की गुपचुप सुगबुगाहट शुरू हो गई है। वहीं कुछ राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो हाईप्रोफाइल सीटों के साथ-साथ बाकी सीटों पर भी जीत का अंतर भाजपा के कुछ अपने ही लोगों का भीतरघात, दावेदारों व अन्य जिम्मेदार लोगों के द्वारा सही ढंग से वोट नहीं बनवाने, प्रत्याशी चयन पर सवाल, संगठन के द्वारा बनाई गई जीत की रणनीति और कुछ अपनों के ही द्वारा चुनाव में की गयी चीटिंग की चीख-चीखकर के स्वयं ही पोल खोलने का कार्य रही है। ऐसी स्थिति में विचारणीय तथ्य यह है कि उत्तर प्रदेश में आगामी वर्ष 2027 में विधानसभा के चुनाव हैं, भाजपा के केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व आये दिन चुनावी रणभूमि के लिए सटीक कारगर रणनीति बनाने के लिए छोटी व बड़ी मीटिंग करते रहते हैं और इन मीटिंग में केंद्रीय व प्रदेश स्तर के नेताओं से लेकर के भाजपा के मंडल स्तर के नेताओं व कार्यकर्ताओं तक की भी मौजूदगी समय-समय पर रहती है, मीटिंग में पार्टी के नेताओं के द्वारा चुनावी रणभूमि के लिए एक चाक-चौबंद रणनीति बनायी जाती है। लेकिन सूत्रों के अनुसार पार्टी में अब एक ऐसा लंबा-चौड़ा धड़ा तैयार हो गया है जो मीटिंग के बाद में ईटिंग कर निकलने के बाद से ही गुटबाजी व अपनी महत्वाकांक्षाओं के चलते संगठन सर्वोपरि के भाव का त्याग करके चीटिंग करने में लग जाता है। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में सम्पन्न हुए उत्तर प्रदेश के 11 एमएलसी सीटों के चुनाव भी हैं, इन 11 सीटों में भाजपा 6 सीटें और समाजवादी पार्टी 5 सीटें जीती है। लेकिन सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि हार के साथ-साथ कुछ सीटों पर तो जैसे-तैसे ही भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली है। हालांकि चुनाव परिणामों में दस सीटों पर सिटिंग एमएलसी ही दोबारा चुन लिए गए हैं। केवल लखनऊ स्नातक सीट पर ही बड़ा उलटफेर हुआ है, यहां भाजपा के मौजूदा एमएलसी अवनीश कुमार सिंह को सपा की कांति सिंह ने हरा दिया है। वैसे देखें तो वर्ष 2020 में इन सभी 11 सीटों के चुनाव में भाजपा ने छह, समाजवादी पार्टी ने तीन और निर्दलीय उम्मीदवारों ने दो सीटों पर जीत हासिल की थी, वहीं इस बार भाजपा की सीटें तो छह ही रह गई, लेकिन सपा की सीट तीन से बढ़कर के पांच सीट हो गई हैं। चुनावों के यह परिणाम उत्तर प्रदेश की राजनीति में भाजपा में अंदरुनी गुटबाजी और भविष्य में चुनावी रणभूमि में कांटे की टक्कर होने का संकेत दे रहे हैं। जो स्थिति उत्तर प्रदेश में हैट्रिक लगाने का सपना देख रही भाजपा हाईकमान के लिए एक गहन आत्ममंथन का विषय है। हालांकि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के चुनावी तरकश में हैट्रिक लगाने के लिए जन अदालत में बताने के लिए कानून व्यवस्था में लेकर के बहुत सारे सरकार के शानदार कार्य हैं, लेकिन इन कार्यों पर पार्टी के कुछ शीर्ष राजनेताओं की अंदरूनी खींचतान, जबरदस्त आपसी गुटबाजी व महत्वकांक्षाएं भारी ना पड़े, इसके लिए समय रहते ही भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को ठोस व प्रभावी उपाय धरातल पर करने होंगे।

चीन को लगे 40 साल, मोदी ने 12 साल में कर दिखाया!

2026 के मुताबिक, भारत ने 2011 से 2023 के बीच अनुमानित 49.6 करोड़ लोगों को 4.20 डॉलर प्रतिदिन वाली निम्न-मध्यम आय वर्ग की गरीबी रेखा से ऊपर उठाया। इस अवधि में इस श्रेणी में आने वाली आबादी का अनुपात 57.7 प्रतिशत से घटकर 16.1 प्रतिशत रह गया। बचपन में घोर गरीबी को बेहद करीब से देखने वाले और जीवनयापन के लिए रेलवे स्टेशन पर चाय बेचने वाले नरेंद्र मोदी ने जब देश के प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी संभाली, तो उनके सामने भारत की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक थी गरीबी। करोड़ों लोगों के पास न पक्का मकान था, न बैंक खाता, न शौचालय, न रसोई गैस और न ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों को सरकारी योजनाओं के केंद्र में रखते हुए गरीबी के अभिशाप से देश को बाहर निकालने का अभियान शुरू किया। अब इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं जिसे अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भी मान रही हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक की अक्टूबर 2026 की ताजा रिपोर्ट भारत की इसी परिवर्तनकारी यात्रा पर वैश्विक मुहर लगा रही है। विश्व बैंक की Poverty and Equity Brief, October 2026 के मुताबिक, भारत ने 2011 से 2023 के बीच अनुमानित 49.6 करोड़ लोगों को 4.20 डॉलर प्रतिदिन वाली निम्न-मध्यम आय वर्ग की गरीबी रेखा से ऊपर उठाया। इस अवधि में इस श्रेणी में आने वाली



आबादी का अनुपात 57.7 प्रतिशत से घटकर 16.1 प्रतिशत रह गया। इससे भी महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि अत्यंत गरीबी में रहने वाली आबादी का अनुपात 2011 के 27.1 प्रतिशत से घटकर 2023 में महज 2.6 प्रतिशत रह गया। विश्व बैंक ने भारत की इस प्रगति को दुनिया में गरीबी घटने की सबसे तेज प्रक्रियाओं में से एक बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत घरेलू उपभोग, रोजगार में वृद्धि, विशेषकर महिलाओं की बढ़ती रोजगार भागीदारी और खाद्य सब्सिडी सहित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं ने इस बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। देखा जाये तो प्रधानमंत्री मोदी की आर्थिक नीतियों का एक महत्वपूर्ण आधार रहा है कि गरीबों को केवल आर्थिक सहायता देने के बजाय उन्हें बुनियादी सुविधाओं और वित्तीय व्यवस्था से जोड़ा जाए। जनधन योजना के जरिए करोड़ों बैंक खाते खुले। आधार और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर ने सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने का रास्ता मजबूत किया। उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने गरीब परिवारों के जीवन स्तर को प्रभावित किया। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को खाद्य सुरक्षा मिली। इसके साथ ही मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं के जरिए रोजगार, उद्यमिता और विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित करने का प्रयास हुआ। साथ ही कोरोना महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध, ऊर्जा संकट, महंगाई और वैश्विक व्यापारिक तनाव के बीच भारत ने अपनी आर्थिक विकास गति बनाए रखने की कोशिश की है। बुनियादी ढांचे पर सरकारी निवेश, डिजिटल अर्थव्यवस्था, घरेलू उपभोग और मजबूत बैंकिंग व्यवस्था ने अर्थव्यवस्था को सहारा दिया। भारत की डिजिटल भुगतान व्यवस्था और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण की क्षमता ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के क्रियान्वयन को भी अधिक प्रभावी बनाया है। यहां सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या दुनिया के किसी दूसरे नेता ने नरेंद्र मोदी जैसी आर्थिक उपलब्धि इतने कम समय में हासिल की है? तुलनात्मक रूप से देखें तो चीन ने 1978 के बाद लगभग चार दशकों में करीब 77 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का ऐतिहासिक दावा किया था। वहीं भारत ने विश्व बैंक के अक्टूबर 2026 के आंकड़ों के अनुसार, 2011 से 2023 के बीच महज 12 वर्षों में 49.6 करोड़ लोगों को 4.20 डॉलर प्रतिदिन वाली निम्न-मध्यम आय वर्ग की गरीबी रेखा से ऊपर पहुंचाया। अत्यंत गरीबी का अनुपात भी इसी अवधि में 27.1 प्रतिशत से घटकर 2.6 प्रतिशत रह गया। चीन की चार दशक लंबी यात्रा के मुकाबले भारत की 12 वर्षों की यह उपलब्धि अपने आप में असाधारण है। इस उपलब्धि का राजनीतिक और नीतिगत महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि इस अवधि के अधिकांश वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते हैं। 2014 में सत्ता संभालने के बाद मोदी सरकार ने गरीबों के बैंक खाते खोलने, सीधे आर्थिक सहायता पहुंचाने, मुफ्त राशन, आवास, रसोई गैस, स्वास्थ्य बीमा, स्वच्छता और ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया। जनधन-आधार-डीबीटी की व्यवस्था से लेकर गरीब कल्याण योजनाओं तक, इन नीतिगत पहलों ने गरीबी के खिलाफ अभियान को व्यापक आधार दिया। इसलिए 2014 के बाद लागू और विस्तारित इन नीतियों को इस ऐतिहासिक बदलाव का एक महत्वपूर्ण नीतिगत श्रेय निश्चित रूप से दिया जाना चाहिए। साथ ही विश्व बैंक ने रोजगार की गुणवत्ता, युवाओं की बेरोजगारी और क्षेत्रीय असमानता को लेकर भी चिंता जताई है। देश की लगभग 57 प्रतिशत गरीब आबादी उत्तर प्रदेश से पश्चिम बंगाल तक फैले राज्यों के एक क्षेत्र में केंद्रित है। 2017 से 2023 के बीच रोजगार में लगभग 13.4 करोड़ की वृद्धि हुई, जिसमें ग्रामीण महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। लेकिन युवाओं के लिए बेहतर और उत्पादक रोजगार उपलब्ध कराना अभी बड़ी चुनौती है। विश्व बैंक के अनुमान के मुताबिक, 4.20 डॉलर वाली गरीबी रेखा पर गरीबी की दर 2026 के 14.2 प्रतिशत से घटकर 2028 तक 12.1 प्रतिशत हो सकती है। बहरहाल, भारत की यह यात्रा केवल आंकड़ों की कहानी नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों के जीवन में आए बदलाव की कहानी है। रेलवे स्टेशन पर चाय बेचने से लेकर देश के प्रधानमंत्री बनने तक का सफर तय करने वाले नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबी के खिलाफ चलाए गए अभियान ने महत्वपूर्ण परिणाम दिए हैं। अब चुनौती इस उपलब्धि को स्थायी आर्थिक समृद्धि में बदलने की है, ताकि गरीबी से बाहर आए परिवार दोबारा अभाव के अंधेरे में न लौटें और भारत विकसित राष्ट्र बनने के अपने लक्ष्य की ओर मजबूती से बढ़ सके।

आज का राशि फल



मेष राशि: आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। वकीलों के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा, नया केस हाथ लगेगा। आज खास लोगों के बीच किसी नई गतिविधि को लेकर गंभीर चर्चा होगी, जो कि सकारात्मक रहेगी। आज किसी मामले को लेकर विचारों में भावुकता रहेगी। आज कुछ लोग जलन की भावना से आपकी आलोचना कर सकते हैं।

वृष राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज व्यवसायिक काम समय पर बनते जाएंगे। विदेश संबंधी व्यवसाय में परिस्थितियां आपके अनुकूल होने के आसार हैं। आज ऑफिस में सहयोगियों की कार्यकुशलता से टारगेट समय पर पूरा हो जाएगा।

मिथुन राशि: आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। आज आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे आपका लेखन और अच्छा होगा। आज आपकी बातें दूसरों पर प्रभाव डालेगी। आज रोजमर्रा के कामों से हटकर कुछ नया सीखने में समय बीतेगा। प्रॉपर्टी या वाहन की खरीददारी में लाभ की बेहतर स्थिति बनेगी। आध्यात्म और धार्मिक गतिविधियों में आपका रुझान बढ़ेगा।

कर्क राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। थोड़ी सी बात पर परेशान होने के बजाय उसका हल ढूंढने की कोशिश करेंगे तो आपको सलूशन मिल जायेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है।

सिंह राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज व्यवसाय में अतिरिक्त आय का साधन बनने वाला है। अगर आपका साझेदारी में बिजनेस करने का प्लान है तो ये डील आपके लिए फायदेमंद होगी। अधिकतर समय मार्केटिंग और बाहर की गतिविधियों में बीतेगा। इस राशि के सरकारी नौकरी कर रहे लोग अपने कार्यभार से संतुष्ट रहेंगे। आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा।

कन्या राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज ध्यान रखें कि अगर प्रयासरत कार्यों में समस्या आती है तो इसकी वजह आपकी एकाग्रता में कमी होगी। आज सम्मानित और प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आने से आपको कई नए विषयों की जानकारी मिलेगी। आज घर के लिए इलेक्ट्रॉनिक वस्तु की खरीदारी संभव है। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे।

तुला **राशि:** आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आज किसी समस्या को हल करने में आपका सहयोग सकारात्मक रहेगा। आस-पड़ोस की सामाजिक गतिविधियों में आपका वर्चस्व रहेगा। प्रॉपर्टी से संबंधित काम हल होगा। आज नकारात्मक लोगों से दूर रहेंगे और आलस की स्थिति से बचेंगे तो आपका काम समय से पूरा हो जायेगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज कार्यों को सुचारु रूप से करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी होगी। हालांकि सही समय पर उचित निर्णय लेने से आपकी काफी समस्याएं हल हो जाएंगी। इस समय नया कार्य शुरू न करें, आज के कामों को ही व्यवस्थित करने पर ध्यान देंगे। ऑफिस में आपका प्रभुत्व बना रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

धनु राशि: आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज जल्दबाजी में फैसला न लें, न ही दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करें। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आप अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाने की योजना बनायेंगे। साथ ही आय बढ़ाने के लिए नया प्लान बनायेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मन बनायेंगे। कला जगत से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मकर राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों को आज बहुत अधिक मेहनत करने की जरूरत है। आज आप लेनदेन को स्थगित रखेंगे तो आने वाली किसी समस्या से बच जायेंगे। इस राशि के लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपकी ऑफिशियल यात्रा संभव है।

कुंभ राशि: आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपका दिन खुशनुमा बीतेगा। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगें। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे। ऑफिस के काम को थोड़ा संभलकर करने की जरूरत है, आपके काम की शिकायत कर सकता है। आज किसी से भी उलझने से आपको बचना चाहिए।

मीन राशि: आज आपको किसी अपने से अच्छी खबर मिलने के योग बने हुये है। आज व्यक्तिगत काम के समय आप घबराने की बजाय परिस्थितियों का समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे और इसमें आप सफल भी होंगे। परिवारिक सदस्य की किसी उपलब्धि से घर में उत्सव का माहौल रहेगा। मार्केटिंग की जॉब कर रहे लोगों से आज अच्छा क्लाइंट जुड़ेगा।

पिता-2 बेटे समेत 6 की मौत ट्रेलर और ईको वैन में टक्कर तिलक के फंक्शन से लौट रहे थे

कुशीनगर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। कुशीनगर में ट्रेलर और मारुति ईको वैन की आमने-सामने की टक्कर हो गई। वैन सवार पिता-दो बेटों समेत 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं। सभी लोग रिश्तेदार के तिलक समारोह से होकर लौट रहे थे। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार 8 लोग अंदर ही फंस गए। धमाके जैसी आवाज हुई।

ट्रेलर का केबिन टूटकर मुड़ गया। सड़क पर वैन के पार्ट्स बिखर गए। आगे का हिस्सा पिचककर पीछे से सीटों से भिड़ गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गैस कटर से ईको के गेट काटकर फंसे लोगों को निकाला। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

सुप्रीम कोर्ट ने सभी याचिकाएं निपटाईं

ट्रायल के दौरान शिकायतकर्ता कर सकेंगे मदद



नई दिल्ली, 2 नवंबर (एजेंसियां)। अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की रकम की कथित चोरी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सभी याचिकाओं का निपटारा कर दिया है।

अदालत ने याचिकाकर्ताओं को मुकदमे की सुनवाई के दौरान निचली अदालत की सहायता करने की अनुमति दी है। कोर्ट ने साफ किया कि उसने मामले के आरोपों की सच्चाई पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अब इस मामले में आगे की सुनवाई निचली अदालत में होगी।

एसआईटी दाखिल कर चुकी है चार्जशीट

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) इस मामले में अयोध्या की निचली अदालत में चार्जशीट दाखिल कर चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने भी चार्जशीट दाखिल होने की जानकारी पर संज्ञान लिया।

इससे पहले उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अदालत को बताया गया था कि मंदिर में चढ़ावे की रकम की गिनती के दौरान कुछ अधिकारियों ने कथित तौर पर पैसे अपने पास रख लिए थे। तुषार मेहता ने बताया कि रकम गिनने वाले कुछ लोग पैसे को कहीं निवेश कर देते थे या अपने बैंक खातों में जमा कर लेते थे।

ट्रायल के दौरान अदालत की मदद कर सकेंगे याचिकाकर्ता

सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दाखिल करने वालों को मुकदमे की सुनवाई के दौरान स्थानीय अदालत में शिकायतकर्ता के तौर पर अपनी बात रखने और कार्यवाही में सहायता करने की अनुमति दी है। इसके साथ ही अदालत ने इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं का निपटारा कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उसने मामले के गुण-दोष पर कोई राय नहीं दी है। इसका मतलब है कि अदालत ने अभी आरोपों को सही या गलत नहीं ठहराया है। इस पर फैसला निचली अदालत में होने वाली कानूनी कार्यवाही के दौरान होगा।

राम मंदिर की जमीन को लेकर नई याचिका पर सुनवाई से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने एक अन्य नई याचिका पर सुनवाई करने से भी इनकार कर दिया। इस याचिका में मांग की गई थी कि यह तय किया जाए कि राम मंदिर उसी जमीन पर बना है या नहीं, जिस पर मुख्य अयोध्या विवाद मामले में फैसला सुनाया गया था।

एसटीएफ ने घेरा तो फायरिंग की, पैर में लगी गोली; 2025 में कोर्ट कैंपस से भागा था



हाजीपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। वैशाली में पुलिस-एसटीएफ के साथ लूट, आर्म्स एक्ट के आरोपी की मुठभेड़ हुई। जिले के सदर थाना क्षेत्र के मरमला चौर में रविवार देर रात एनकाउंटर में आरोपी को गोली लगी है। समस्तीपुर में 2 साल पहले हुए 2 करोड़ की ज्वेलरी लूट के आरोपी राजनंदन को पुलिस और एसटीएफ पकड़ने पहुंची तो उसने फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस के मुताबिक, जवाब में पुलिस ने आरोपी को दौड़ाकर फायरिंग की। इस दौरान उसके दाहिने पैर में गोली लगी।

पुलिस ने घायल आरोपी को पकड़ा और इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस कस्टडी में उसका इलाज चल रहा है। लूट केस में 2025 में आरोपी समस्तीपुर कोर्ट कैंपस से फरार हो गया था। कुख्यात अपराधी के खिलाफ लूट, हत्या, डकैती, आर्म्स एक्ट, उत्पाद अधिनियम एवं एनडीपीएस एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में दर्जनों आपराधिक कांड दर्ज हैं।

आरोपी पर करीब 17 मामले दर्ज घायल आरोपी की पहचान सदर थाना क्षेत्र के दिग्घी कला निवासी चंदेश्वर राय के बेटे राज नंदन कुमार उर्फ छोटू के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, छोटू पर वैशाली और समस्तीपुर में लूट और आर्म्स एक्ट समेत करीब 17 मामले दर्ज हैं। छोटू समस्तीपुर के चर्चित अनिल ज्वेलर्स लूटकांड का मुख्य आरोपी था। शॉप के ऑनर अनिल कुमार के अनुसार, 103 पैकेट में रखे सोना, चांदी और हीरे के जेवरात अपराधी उठाकर ले गए थे। 39 आइटम की लूट हुई है। इसमें सोने की चेन, अंगूठी, हार के अलावा चांदी के गहने और हीरे से बने ज्वेलरी शामिल थी।

10 शहरों में कोहरा, वाराणसी में दृश्यता 200 मीटर

दो विमान उतर नहीं पाए; यूपी में 8°C तक लुढ़का पारा, ठंड बढ़ी

प्रयागराज, 2 नवंबर (एजेंसियां)। यूपी में 3 दिन लगातार हुई बारिश के बाद ठंड शुरू हो गई। सोमवार सुबह वाराणसी, गोरखपुर, देवरिया समेत 10 से ज्यादा शहरों में घना कोहरा छाया रहा। वाराणसी में सुबह 7 बजे दृश्यता 200 मीटर रह गई।

इस वजह से 2 विमान उतर ही नहीं पाए। इंडिगो की बेंगलुरु और दिल्ली से आने वाली फ्लाइट को लखनऊ डायवर्ट किया गया। अवध और पश्चिमी यूपी में धूप कमजोर होने लगी है। दिन के पारे में 8 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। रात का पारा 15 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। इससे सुबह-शाम की ठंड बढ़ गई है। रविवार देर रात वाराणसी में तेज बारिश हुई।

इंस्टाग्राम पर प्यार, नाबालिग से शादी, अब फंदे से लटका मिला

मुजफ्फरपुर में सुनवाई से 4 दिन पहले लड़के का सुसाइड

मुजफ्फरपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। मुजफ्फरपुर में प्रेम संबंध, शादी और कानूनी विवाद के बाद 22 साल के लड़के की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अलीनेउरा पंचायत के छेगन नेउरा गांव के रहने वाले इंद्रजीत कुमार का शव शनिवार सुबह घर के कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला था। रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव घर पहुंचा।

मां रेणु देवी के अनुसार, बेटे का इंस्टाग्राम के जरिए उत्तर प्रदेश की एक लड़की से संपर्क हुआ था। दोनों ने शादी की, लेकिन लड़की के नाबालिग होने के कारण बेटे को करीब दो साल तक जेल में रहना पड़ा। तीन महीने पहले जब मेरा बेटा जेल से लौटा तो उसकी दोबारा लड़की से बातचीत होने लगी। इंद्रजीत की मां का आरोप है कि इस रिश्ते को लेकर बेटा तनाव में रहता था। फिलहाल परिजनों ने पुलिस को कोई लिखित आवेदन नहीं दिया है।

2024 में इंस्टाग्राम से लड़की से शुरू हुई थी बातचीत

रेणु देवी ने बताया, साल 2024 में इंद्रजीत की इंस्टाग्राम के जरिए उत्तर प्रदेश के जौनपुर की एक लड़की से बातचीत शुरू हुई थी। धीरे-धीरे दोनों ने प्यार का इजहार किया और इसके बाद लड़की मेरे बेटे के पास आ गई।

लड़की के आने के बाद यूपी की पुलिस मेरे घर आई और लड़की के साथ मेरे बेटे इंद्रजीत को भी अपने साथ ले गई। उन्होंने बताया कि चूंकि लड़की नाबालिग थी, इसलिए मेरे बेटे के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई और उसे जेल भेज दिया गया। मां के अनुसार, बेटे की जमानत के लिए हम लोगों ने करीब डेढ़ लाख रुपए खर्च किए। यूपी की कोर्ट से बेल मिलने के बाद 10 जुलाई 2024 को मेरा बेटा मामले में सुनवाई के लिए यूपी गया था। वहां जाने के बाद मेरे बेटे की मुलाकात दोबारा लड़की से हुई। इसके बाद दोबारा लड़की ने मेरे बेटे के साथ रहने की इच्छा जताई। लड़की के कहने पर इंद्रजीत उसे लेकर दिल्ली चला गया। दिल्ली में दोनों ने शादी की और करीब छह महीने तक दोनों दिल्ली में ही रहे।

मौलाना ने 3 दिन में जारी किए 3 फतवे

उमर की शादी, सारा की पूजा और दीपक के मोहम्मद नाम इस्तेमाल पर जताया एतराज



बरेली, 2 नवंबर (एजेंसियां)। बरेली के मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने तीन दिन में तीन अलग-अलग मामलों पर फतवे जारी किए हैं। इनमें जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की शादी, एक्ट्रेस सारा अली खान की केदारनाथ में पूजा और उत्तराखंड के दीपक कुमार के नाम के आगे मोहम्मद जोड़ने का मामला शामिल है। मौलाना ने तीनों मामलों को शरीयत के खिलाफ बताया है। इन फतवों के बाद सामाजिक और राजनीतिक हलकों में बहस शुरू हो गई है।

उमर अब्दुल्ला और निधि राजदान की शादी पर सवाल

मौलाना ने उमर अब्दुल्ला और पूर्व पत्रकार निधि राजदान के रिश्ते पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि इस्लाम में निकाह के लिए दोनों का मुस्लिम होना जरूरी है। उनके मुताबिक, निधि राजदान के धर्म परिवर्तन किए बिना यह निकाह शरीयत के हिसाब से जायज नहीं है। दूसरा फतवा एक्ट्रेस सारा अली खान के केदारनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा करने को लेकर जारी किया गया। मौलाना का कहना है कि इस्लाम में मूर्ति पूजा और मंदिर में पूजा-अर्चना की इजाजत नहीं है। उन्होंने सारा के इस कदम को शरीयत के खिलाफ बताते हुए उनसे माफी मांगने और तौबा करने की बात कही है। तीसरा मामला उत्तराखंड के कोटद्वार निवासी दीपक कुमार का है। दीपक ने अपने नाम के आगे मोहम्मद जोड़ लिया था। इस पर मौलाना ने आपत्ति जताई।

उनका कहना है कि मोहम्मद पैगंबर-ए-इस्लाम का पवित्र नाम है और किसी गैर-मुस्लिम को अपने नाम के आगे इसे नहीं लगाना चाहिए। उनके मुताबिक, इस्लाम कबूल करने के बाद ही यह नाम रखना जायज है। तीनों मामलों पर जारी फतवों को लेकर बहस छिड़ गई है। कुछ उलेमा इन्हें धार्मिक मान्यताओं से जुड़ा मामला बता रहे हैं, जबकि दूसरी ओर इन्हें लोगों की निजी जिंदगी, आस्था और फैसले में दखल के तौर पर देखा जा रहा है।

दिल्ली दौरे पर सीएम सम्राट चौधरी

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह-नितिन गडकरी से की मुलाकात बिहार में सड़क-राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास पर चर्चा



पटना, 2 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दिल्ली दौरे पर हैं। सोमवार सुबह मुख्यमंत्री ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस दौरान कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके बाद पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भी मुलाकात हुई। सीएम ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात की। इस दौरान दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता भी मौजूद रहीं।

मुलाकात के दौरान अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

सीएम सम्राट ने सोशल मीडिया पर मुलाकात की तस्वीर शेयर की है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, 'नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से भेंट कर बिहार में सड़क एवं राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास, कनेक्टिविटी विस्तार और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने के विषय में सार्थक चर्चा की।'

3 नवंबर की बैठक की तैयारियों की भी करेंगे समीक्षा

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का यह दिल्ली दौरा राजनीतिक और प्रशासनिक लिहाज से अहम माना जा रहा है। वह 3 नवंबर को होने वाली बैठक की तैयारियों की भी समीक्षा करेंगे। इसके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े से भी उनकी मुलाकात प्रस्तावित है। हालांकि, इस मुलाकात का समय अभी निर्धारित नहीं हुआ है।

पीएम मोदी के कार्यक्रम में होंगे शामिल

सीएम मंगलवार शाम 4:30 बजे दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत नवीकरणीय ऊर्जा सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में सीएम सम्राट चौधरी की भी मौजूदगी रहेगी।

आजम की गिरफ्तारी पर तत्काल सुनवाई से एससी का इनकार

रामपुर जेल से बाहर निकलते ही ईडी ने अरेस्ट किया था

रामपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। सपा नेता आजम खान की ईडी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। सोमवार को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने कहा- याचिका इस हफ्ते लिस्ट हो सकती है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस पर सुनवाई इसी सप्ताह होगी। मनी लॉन्ड्रिंग केस में शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अफसरों ने आजम खान को जेल से निकलते ही गेट पर गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद ईडी उन्हें अपने साथ गाजियाबाद ले गई थी। रविवार सुबह आजम को विशेष पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में डासना जेल भेज दिया था। 29 अक्टूबर को हाईकोर्ट ने 2 पैन कार्ड मामले में आजम खान और बेटे अब्दुल्ला की 10 साल की सजा सस्पेंड कर दी थी। दोनों को जमानत दे दी थी। इसके बाद दोनों को रामपुर जेल से रिहा कर दिया गया था। दोनों 11 महीने से जेल में बंद थे। रिहा होने के बाद आजम के बेटे अब्दुल्ला घर चले गए थे।

पीएनजी पाइपलाइन में ब्लास्ट, युवक के सिर के चिथड़े उड़े

मुजफ्फरपुर में 3किमी तक सुनाई दी धमाके की आवाज; 4 मंजिला इमारत क्षतिग्रस्त, घरों के कांच टूटे

मुजफ्फरपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। मुजफ्फरपुर में पीएनजी गैस पाइपलाइन में रिसाव के कारण ब्लास्ट हो गया। शहर के सदर थाना क्षेत्र के गोबरसही-डुमरी इलाके में सोमवार को करीब 12 बजे हादसा हुआ। जिसमें एक युवक के सिर के चिथड़े उड़ गए, जबकि 10 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। ब्लास्ट की आवाज तीन किलोमीटर तक सुनाई दी। स्थानीय जीतेंद्र शाही के मुताबिक, धमाके के बाद आसपास के दर्जनों घरों और कई वाहनों को नुकसान पहुंचा है। चार मंजिला इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि 100 मीटर के दायरे में बने कई मकानों की खिड़कियों के शीशे टूटे हैं।

निर्दलीय एमएलसी की बीजेपी में वापसी पर एनडीए में घमासान

जेडीयू ने पूछा-6 साल के लिए निकाला, 15 दिन में जॉइनिंग कैसे; सभापति से मिलेंगे जनसुराज के नेता

पटना, 2 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार विधान परिषद चुनाव के नतीजे आने के बाद एनडीए के दो प्रमुख घटक दलों जेडीयू और बीजेपी के बीच तनाव बढ़ गया है। सारण शिक्षक सीट से निर्दलीय चुनाव जीतने वाले राहुल राज और तिरहुत स्नातक से जीते निर्दलीय एमएलसी बंशीधर ब्रजवासी के भाजपा में शामिल होने को लेकर जदयू ने सवाल खड़े किए हैं।

जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने राहुल राज की भाजपा में वापसी पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस व्यक्ति को पार्टी ने छह साल के लिए निष्कासित किया था, उसे इतनी जल्दी वापस किस परिस्थिति में शामिल किया गया? भाजपा और उसके शीर्ष नेतृत्व को इस पर विचार करना चाहिए।

विधान परिषद के सभापति से मिलेंगे जनसुराज के नेता

वहीं पूर्व मंत्री और जदयू के वरिष्ठ विधायक श्याम रजक ने कहा, निर्दलीय सदस्यों को समर्थन देने का अधिकार किसी भी पार्टी को है। अगर भाजपा ने उन्हें समर्थन दिया है, तो यह नियमों के तहत सही है। लेकिन कोई भी निर्दलीय चुनाव जीतने के बाद किसी राजनीतिक पार्टी में शामिल नहीं हो सकता। अगर दोनों भाजपा में शामिल हुए हैं, तो यह पूरी तरह अनैतिक और गलत है। इधर, एमएलसी चुनाव जीतने वाले निर्दलीय प्रत्याशी बंशीधर बृजवासी और राहुल राज के भाजपा में शामिल होने पर जन सुराज का प्रतिनिधिमंडल आज विधान परिषद के सभापति से मुलाकात करेगा।

पूरे मामले पर राजद के प्रवक्ता शक्ति यादव ने तंज कसा है। उन्होंने कहा, 'अपने शर्त पर काम करने वाले जनता दल (यू) के हाल देखिए। जो भाजपा को आंख दिखाते थे, राजद के बैसाखियों का सहारा लेते थे, इधर से उधर चल जाएंगे, भय दिखाते थे। आज जदयू गिरगिड़ा रही है। उमेश कुशवाहा कह रहे हैं कि गठबंधन धर्म का पालन करना चाहिए। शीर्ष नेतृत्व को विचार करनी चाहिए।'

'अब जदयू की कृपा पर भारतीय जनता पार्टी नहीं है, भारतीय जनता पार्टी की कृपा पर जनता दल (यू) है। भाजपा जान चुकी है कि जदयू का कोई अस्तित्व नहीं है। जदयू का अस्तित्व भारतीय जनता पार्टी के रहमो-कर्म पर है। अब उमेश कुशवाहा जी जाकर भाजपा के पैर पकड़ें या गिड़गिड़ाएं कोई फर्क नहीं पड़ेगा।' शनिवार को तिरहुत स्नातक सीट से निर्दलीय चुनाव जीतने वाले बंशीधर ब्रजवासी और सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जीते राहुल राज ने शनिवार को भाजपा की सदस्यता ली थी।

हालांकि, बंशीधर ब्रजवासी ने देर रात वीडियो जारी कर भाजपा में शामिल होने की बात से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री से मिलने गए थे, भाजपा में शामिल नहीं हुए हैं।

आकाश आनंद बोले-अखिलेश यादव की दिशा तय नहीं

सपा, भाजपा की बी टीम, डबल इंजन की सरकार तेल ज्यादा पीती है



सहारनपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। सहारनपुर के सौराणा में बसपा नेता आकाश आनंद ने सोमवार को जनसभा की। सपा पर तंज कसते हुए कहा- सपा भाजपा की बी-टीम है। भाजपा के राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी के बेटे धनराज परिमल नाथवानी को टिकट दिया। आकाश ने कहा- अखिलेश यादव की राजनीति की दिशा भी तय नहीं है। कभी पीडीए में पंडितों की बात होती है तो कभी पिछड़ों की। उन्होंने भाजपा की डबल इंजन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह डबल इंजन की सरकार है, इसीलिए तेल ज्यादा पीती है।

आकाश आनंद ने कहा कि भाजपा और सपा दोनों की सरकारों में जंगलराज देखने को मिला। प्रदेश में 25 हजार सरकारी स्कूल बंद कर दिए गए और डेढ़ लाख से ज्यादा शिक्षकों की भर्ती अब तक अधूरी है। युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं और सरकार सुरक्षा, शिक्षा व रोजगार देने में नाकाम है। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस ने संविधान की किताब दिखाकर बहुजन समाज से वोट मांगे, लेकिन समाज के हित में कोई काम नहीं किया।

बच्ची की रेप के बाद हत्या करने वाले का एनकाउंटर

हमीरपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। हमीरपुर में 3 साल की बच्ची के साथ रेप कर हत्या करने वाले आरोपी का पुलिस ने एनकाउंटर किया। सोमवार सुबह 6 बजे पुलिस उसे घटनास्थल पर ले गई थी। आरोपी ने वहां छिपाकर रखे तमंचे से पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके दोनों पैरों में गोली लग गई। पुलिस उसे कंधों पर टांगकर जिला अस्पताल ले गई। मुठभेड़ जिला मुख्यालय से 50 किमी दूर मुस्करा इलाके में हुई।

'जीते तो लोकतंत्र जीता-हारे तो लोकतंत्र खतरे में'

भागलपुर, 2 नवंबर (एजेंसियां)। भागलपुर में नितिन नवीन में विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा, 'आप जीतते हैं तो लोकतंत्र जीता, लेकिन आप हार गए तो लोकतंत्र खतरे में हैं। एसआईआर के बाद आप कर्नाटक में जीते तो सब सही, लेकिन बिहार में हारे तो वोट चोरी के नारे लगाने लगे।' मैं कहना चाहता हूं कि अगर आपलोग समय रहते नहीं जागे तो आने वाले दिनों में विपक्ष की कुर्सी भी नहीं बचेगी।' बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एनडीए के लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा में शामिल हुए। जहां कार्यकर्ताओं ने त्रिशूल देकर उनका स्वागत किया। जनसभा के बाद पार्टी अध्यक्ष लाजपत पार्क से खरमनचक होते हुए भामाशाह चौक, घंटाघर चौक तक करीब एक किलोमीटर तक पैदल मार्च के लिए निकले हैं।

धीरेंद्र शास्त्री बोले-हमारे राम सीधे, कृष्ण तीन जगह से टेढ़े

पर्वत उठाना बड़ी बात नहीं, हमारे भगवान के चेले ने पूरा पर्वत उड़ा दिया

मथुरा, 2 नवंबर (एजेंसियां)। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री भगवान श्रीकृष्ण पर टिप्पणी करके विवादों में आ गए हैं। उन्होंने भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की तुलना करते हुए कहा-'तुम अपने वाले ठाकुर जी की एक भी फोटो देख लो। खड़े भी होते हैं तो तीन जगह से टेढ़े। पांव के ऊपर पांव, कमर कहीं लचकाएं और टेढ़ी गर्दन करके बंसी बजाते हैं।

हमारे वाले तो खड़े भी होते हैं एकदम सीधे। हमारे वाले का नाम भी सीधा। हमारे वाले का चलना भी सीधा, हमारे वाले दिखते भी सीधे। तुम्हारे वालों का नाम भी टेढ़ा, चलते भी टेढ़े, खड़े भी टेढ़े होते हैं। पर्वत उठाना बड़ी बात नहीं, हमारे भगवान के चेले ने पूरा पर्वत उड़ा दिया था। हमारे वालों का धाम भी सीधा- अयोध्या, तुम्हारे वाले का- वृंदावन!' धीरेंद्र शास्त्री ने यह टिप्पणी मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के करेरा में चल रही श्रीराम कथा के दौरान की। रविवार को वीडियो सामने आने के बाद मथुरा के साधु-संतों ने नाराजगी जताई। उन्होंने धीरेंद्र शास्त्री से माफी मांगने को कहा है। हालांकि, इस मामले में धीरेंद्र शास्त्री की ओर से अभी कोई बयान नहीं आया है।



'बंसी बजाना खेल, धनुष चलाना खेल नहीं'

धीरेंद्र शास्त्री ने बंसी बजाने और धनुष चलाने का जिक्र किया। उन्होंने कहा- बंसी बजाना तो खेल भी है, धनुष चलाना खेल नहीं। जितने ठाकुर जी वाले बैठे हैं, आज तो तुम्हारे ठाकुर जी की भी जय-जयकार हो रही है। फिर उन्होंने बंसी बजा रहे कलाकार की ओर इशारा करते हुए कहा- सुनो, तुम्हारे ठाकुर जी क्या करते हैं? बंसी बजाते हैं? तो बंसी बजाना कोई बड़ी बात थोड़ी है। देखो, हमारे यहां तो ये भी बजा रहा है। बजा-बजा, बजा। लो, लो। इसके बाद बांसुरी वादक ने कुछ देर तक बंसी की धुन सुनाई। धीरेंद्र शास्त्री ने कथा में बैठे लोगों से पूछा- रामजी को मानने वाले कितने लोग बैठे हैं, हाथ उठाओ। हां! आज तुम लोग फूले नहीं समाओगे।


'गाय चराना खेल, बंदरों को नचाना खेल नहीं'

धीरेंद्र शास्त्री ने भगवान कृष्ण के गाय चराने और पर्वत उठाने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि लोग कहेंगे कि हमारे वाले भगवान तो गाय चराते हैं। गाय तो कोई भी चरा सकता है। गाय चराना तो खेल भी है, बंदरों को नचाना खेल नहीं। इसके बाद उन्होंने भगवान कृष्ण के गोवर्धन पर्वत उठाने का जिक्र करते हुए कहा- तुम कहोगे कि हमारे वाले तो पर्वत उठा लेते हैं, ये कोई बड़ी बात है क्या? हमारे वाले भगवान के चेले ने तो पूरा पर्वत ही उड़ा दिया। यहां उनका इशारा भगवान राम के भक्त हनुमान की ओर था।

प्रियंका की दिवाली पार्टी

साान्या के दिलकश अंदाज ने जीता दिल, लाल लहंगे में विनी हार्लो ने लूटी महफिल







भारत से मीलों दूर होने के बावजूद, ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा का दिल आज भी अपनी परंपराओं और संस्कृति से गहराई से जुड़ा हुआ है। प्रियंका दुनिया में चाहे कहीं भी हों, अभिनेत्री भारतीय त्योहारों को मनाने का कोई मौका नहीं छोड़तीं हैं। दिवाली के नजदीक आते ही, प्रियंका और उनके पति निक जोनस ने हाल ही में लॉस एंजिल्स में अपने दोस्तों के लिए एक शानदार पार्टी रखी, जिसमें उन्होंने उन्हें भारतीय परंपराओं की एक झलक दिखाई।

प्रियंका और निक की दिवाली पार्टी की कई तस्वीरें और वीडियो ऑनलाइन सामने आए हैं। पार्टी में परिणीति चोपड़ा, सान्या मल्होत्रा यूट्यूबर लिली सिंह से लेकर मॉडल विनी हार्लो तक, कई सितारों ने शिरकत की है।

प्रियंका और निक ने लूटी महफिल

प्रियंका मैरून रंग के ऑफ-शोल्डर इंडो-वेस्टर्न गाउन में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने अपने लुक को एक सलीके से बंधे जूड़े, एक सुंदर गजरे और शानदार इयररिंग्स के साथ पूरा किया। निक पारंपरिक कुर्ता-पायजामा और उसके ऊपर एथनिक जैकेट पहने हुए उनके साथ बहुत जंच रहे थे।

सान्या का दिखा दिलकश अंदाज

बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा भी इस दिवाली पार्टी में पहुंचीं। उन्होंने ब्लैक और गोल्डन आउटफिट में प्रियंका चोपड़ा के साथ पोज दिए। अभिनेत्री के क्लच ने फैंस का ध्यान खींचा।

परिणीति चोपड़ा

प्रियंका और निक की दिवाली पार्टी में चचेरी बहन परिणीति चोपड़ा भी नजर आईं। उन्होंने पार्टी में सान्या मल्होत्रा के साथ पोज दिया।

विनी हार्लो

प्रियंका की दिवाली पार्टी में मॉडल विनी हार्लो लेहंगा में नजर आईं। लाल लहंगे में पहुंच कर मॉडल ने पार्टी की शान बढ़ा दी। उन्होंने यहां अपनी सहेलियों के साथ डांस भी किया।

ऋतिक स्टारर काबिल के डायरेक्टर संजय गुप्ता का निधन



कांटें, काबिल, शूटआउट एट लोखंडवाला, मुंबई सागा जैसी बेहतरीन फिल्में डायरेक्ट कर चुके संजय गुप्ता का आज सुबह निधन हो गया है। एक्टर ने 23 अक्टूबर को 57वां जन्मदिन मनाया था। रिपोर्ट के अनुसार, डायरेक्टर 30 अक्टूबर को मुंबई स्थित घर के किचन में गिरे थे, हालांकि इसकी जानकारी आज सुबह मिली। इसी बीच संजय गुप्ता के करीबी दोस्त और फिल्ममेकर अशोक पंडित ने एक पोस्ट कर बताया है कि उनका निधन सिर में चोट लगने से हुआ है। जल्द ही उनके अंतिम संस्कार से जुड़ी जानकारी साझा की जाएगी। संजय के करीबी दोस्त हनीफ चूनावाला ने एएनआई से बातचीत में कन्फर्म किया है कि संजय का निधन किचन में गिरने से लगी चोट के कारण हुआ।

दोपहर को संजय गुप्ता के वर्सोवा स्थित घर पर पुलिस टीम पहुंचीं। फॉरेंसिक जांच जारी है। वहीं फिल्म इंडस्ट्री से भी कई सेलेब्स उनके घर पहुंच रहे हैं। डायरेक्टर मिलाप जावेरी उनके घर के बाहर खड़े रोते नजर आए। संजय गुप्ता सोशल मीडिया पर बेहद एक्टिव थे। उन्होंने एक्स अकाउंट से आखिरी पोस्ट में सिंगर दलेर मेहंदी का मंच पर अपमान होने पर नाराजगी जताते हुए उनका बचाव किया था। उन्होंने लिखा था, 'मीका सिंह, दलेर पाजी मेरे बड़े भाई जैसे हैं, जिन्हें बहुत प्यार और सम्मान करता हूं। वो म्यूजिक वर्ल्ड के दिग्गज हैं, जिनसे बिना शर्त माफी मांगी जानी चाहिए।' मीका सिंह ने संजय गुप्ता के साथ तस्वीर शेयर कर लिखा, आज का दिन मेरे लिए बेहद चौंकाने वाला और दिल तोड़ देने वाला रहा। मेरे बड़े भाई संजय गुप्ता जी अब हमारे बीच नहीं रहे। भाई, आप मेरे लिए किसी गॉडफादर से कम नहीं थे। आपने ही मुझे बॉलीवुड में पहला मौका दिया था। आपके प्यार, मार्गदर्शन और हमेशा साथ देने के लिए मैं जिंदगीभर आपका आभारी रहूंगा।

21 की उम्र में मां बनने पर मीरा राजपूत बोलीं

काफी चैलेंजिंग था, लेकिन शाहिद ने मेरी काफी मदद की



करीना कपूर खान के चैट शो व्हट वुमन वॉन्ट का छठा सीजन चल रहा है। इस शो में कई सेलेब्स आते हैं और करीना उनसे पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में बात करती हैं। अब उनके शो का जो नया एपिसोड आया है उसमें गेस्ट के तौर पर मीरा राजपूत आई हैं। मीरा, शाहिद कपूर की पत्नी हैं। इस एपिसोड के लिए सब काफी एक्साइटेड थे क्योंकि करीना, शाहिद की एक्स गर्लफ्रेंड रही हैं। करीना खुद भी ये बात बोलती हैं शो के शुरुआत में कि लोग हमें साथ में देखने के लिए बेताब हैं। अब करीना इस दौरान मीरा से पूछती हैं कि आप 21 साल की उम्र में मां बन गई थीं तो क्या आपको कभी लगा कि कुछ और उस वक्त करना बेहतर होता तो इस पर मीरा ने जवाब दिया मुझे नहीं लगता। चाहे आपकी कोई भई उम्र हो, मदरहुड एक चैलेंज है। आपके और मेरे अलग-अलग स्टेज में बच्चे हुए हैं, लेकिन मैं श्योर हूं कि हम दोनों को चैलेंज का सामना करना पड़ा है। बच्चों की परवरिश करना काफी बड़ी बात है और उस दौरान शाहिद कपूर ने मेरी काफी मदद की। वह काफी सपोर्टिव थे। मेरी 2 बहने हैं जिनके 2 बच्चे हैं। मैंने इसी वजह से मदरहुड पर कोई बुक नहीं पढ़ी क्योंकि मैंने उन्हें बच्चों की परवरिश करते देखा है। जाहिर है चैलेंज होना, लेकिन मैं इसे अलग तरीके से नहीं चाहती थी। मीरा ने फिर बताया कि वह बच्चों के साथ काफी अच्छा टाइम स्पेंड करती हैं। उन्हें ये बात भी अच्छी लगती है कि जब वह 41 साल की होंगी तब मीशा 21 साल की होंगी और वह बच्चों के साथ खूब टाइम स्पेंड कर सकती हैं। बता दें कि शाहिद और मीरा ने साल 2015 में अरेंज मैरिज की थी। उस वक्त फैंस काफी हैरान हो गए थे जब अचानक दोनों की शादी की फोटो आई थी। दोनों के 2 बच्चे हैं एक बेटी और एक बेटा।

सामंथा के बच्चे, कृति खरबंदा के एक कमेंट से शुरू हुई नई चर्चा



टॉलीवुड स्टार सामंथा इन दिनों अपनी निजी जिंदगी और फिल्मों, दोनों में काफी व्यस्त हैं और लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। सामंथा फिटनेस को बहुत अहमियत देती हैं। शूटिंग में बेहद व्यस्त होने के बावजूद, वह एक्सरसाइज करना नहीं छोड़तीं और अपनी सेहत का खास ख्याल रखती हैं। हाल ही में, उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने वर्कआउट सफर से जुड़ा एक वीडियो शेयर किया, जो काफी वायरल हो गया। लेकिन इस वीडियो से कहीं ज्यादा, अभिनेत्री कृति खरबंदा के एक छोटे से कमेंट ने इंटरनेट पर चर्चा छेड़ दी है। सामंथा ने हाल ही में अपने फैंस के साथ एक्सरसाइज के सफर का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें पहले महीने से लेकर दूसरे महीने तक के वर्कआउट के दृश्य दिखाए गए हैं। इस वीडियो के साथ उन्होंने 'द फाइनल लैप' जैसा दिलचस्प कैप्शन लिखा। इसे देखकर फैंस और फिल्म जगत की हस्तियां उन्हें बधाई दे रही हैं और कमेंट कर रही हैं। इस पोस्ट पर अभिनेत्री कृति खरबंदा ने जिस तरह से प्रतिक्रिया दी, उसने सबका ध्यान खींच लिया। कृति ने कमेंट किया, 'आप तीनों को ढेर सारा प्यार'। इसका मतलब है कि वह 'तीनों' को बहुत सारा प्यार भेज रही हैं।

अब सवाल यह है कि ये 'तीनों' कौन हैं? कृति ने ऐसा कमेंट क्यों किया? इसे लेकर इंटरनेट यूजर्स के बीच खूब चर्चा होने लगी। कृति खरबंदा के 'आप तीनों' वाले कमेंट ने सोशल मीडिया पर एक दिलचस्प बहस छेड़ दी है। कुछ लोगों का मानना है कि शायद उन्होंने सामंथा, उनके पति और उनके होने वाले बच्चे को ध्यान में रखकर ऐसा कहा हो। लेकिन क्या ये संकेत इस ओर इशारा करते हैं कि सामंथा जुड़वां बच्चों को जन्म देने वाली हैं? लोग ऐसा ही कयास लगा रहे हैं। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि कृति खरबंदा ने असल में किस संदर्भ में यह कमेंट किया था। इंटरनेट यूजर्स उनके इस प्यारे और मजाकिया कमेंट के अलग-अलग मतलब निकाल रहे हैं। इसी वजह से सोशल मीडिया पर यह चर्चा शुरू हो गई है कि सामंथा जुड़वां बच्चों की मां बनने वाली हैं। इन खबरों में कितनी सच्चाई है, यह अभी पता नहीं चल पाया है। सामंथा और कृति ने अभी तक इस पर कोई सफाई नहीं दी है। वहीं, अगर सामंथा की फिल्मों की बात करें, तो उन्हें आखिरी बार फिल्म 'मां इंटेगी बंगारम' में देखा गया था।

वरुण धवन: सिद्धार्थ मल्होत्रा की पत्नी कियारा को एक्टर ने बुलाया भाभी, इस बात के लिए अदा किया कपल का शुक्रिया



अभिनेता वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने 2012 में 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से बॉलीवुड में कदम रखा। इसके बाद से दोनों ने व्यवसायिक और निजी जिंदगी में काफी लंबा सफर तय किया है। भले ही इन वर्षों में उनके रास्ते अलग-अलग रहे हों, मगर उनके बीच का दोस्ताना रिश्ता आज भी वैसा ही है। जब भी ये दोनों एक-दूसरे से मिलते हैं, तो उनके फैंस उन्हें साथ देखकर बहुत खुश होते हैं। इससे पता चलता है कि इतने वर्षों बाद भी उनकी दोस्ती बरकरार है। हाल ही में वरुण ने मुंबई में सिद्धार्थ और उनकी पत्नी कियारा आडवाणी से उनके घर पर मुलाकात की। कपल के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए वरुण ने मजाक में कहा, 'बहस हो सकती है, मगर मेरे भाई के साथ कभी कोई दुश्मनी नहीं रही। मेहमाननवाजी के लिए धन्यवाद, भाभी जी।' वरुण ने कियारा को 'भाभी जी' कह कर संबोधित किया। इस शब्द ने फैंस का ध्यान खींचा है। वरुण की पोस्ट को रीशेयर करते हुए सिद्धार्थ ने लिखा, 'भाई, तुम हमेशा मेरे लिए पहले नंबर पर रहोगे।' फिल्म निर्माता करण जौहर, जिन्होंने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' के जरिए वरुण और सिद्धार्थ को बॉलीवुड में पेश किया था, ने दोनों के फिर से एक साथ आने पर दिल छू लेने वाली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, 'रोहन और अभिमन्यु के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि जीवन भर का एक मजबूत रिश्ता।'

वरुण की पहली पसंद हैं सिद्धार्थ

वरुण और सिद्धार्थ का यह मिलन 'कॉफी विद करण' के हाल ही में प्रसारित एक नए एपिसोड के बाद हुआ है, जिसमें वरुण शामिल हुए थे और उन्होंने सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ फिर से काम करने की इच्छा जताई थी।

बातचीत के दौरान शो के होस्ट करण जौहर ने वरुण से पूछा कि सीरीज 'हीटेड राइवलरी' के रीमेक में वह किस पुरुष सह-कलाकार के साथ काम करना चाहेंगे। वरुण ने सिद्धार्थ मल्होत्रा का नाम लिया।

करण ने तुरंत अपनी सहमति देते हुए दोनों की जोड़ी को अच्छी पेयरिंग बताया।

अपनी पसंद के बारे में बताते हुए, वरुण ने कहा कि 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' में उनके किरदारों के बीच एक दिलचस्प तालमेल था।

ये फर्जी वीडियो हैं, कृपया यकीन न करें



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक के आने के बाद डीपफेक वीडियो की संख्या बढ़ गई है। सोशल मीडिया पर मशहूर हस्तियों (सेलिब्रिटीज) के नाम से फर्जी अकाउंट बनाना और उनकी फोटो या वीडियो शेयर करना, इनके गलत इस्तेमाल और वायरल होने का खतरा बढ़ा देता है। कई मशहूर हस्तियों को इस तकनीक की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ा है। कुछ ने इसका विरोध किया और साबित किया कि ये वीडियो फर्जी हैं, जबकि कुछ चुप रहे। हाल ही में, अभिनेत्री रितिका सिंह ने भी बताया कि उन्हें भी ऐसी ही समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अपने नाम से बने फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स और एआई डीपफेक वीडियो के बारे में शिकायत की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस को एक अहम चेतावनी दी है।"कुछ लोग मेरे नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर फैंस को धोखा दे रहे हैं। वे 'एक्सक्लूसिव कंटेंट' देने का वादा करके सब्सक्रिप्शन के नाम पर हर महीने 400 रुपये मांग रहे हैं। कृपया ऐसे फर्जी अकाउंट्स पर भरोसा न करें और किसी को भी पैसे न दें। इसके अलावा, मेरे नाम से जो वीडियो प्रचार के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हैं, वे भी असली नहीं हैं। इनमें एआई तकनीक का इस्तेमाल करके डीपफेक वीडियो बनाए गए हैं। तकनीक की मदद से दूसरे वीडियो में मेरा चेहरा लगाकर गलत कंटेंट तैयार किया जा रहा है। ऐसे वीडियो देखकर उन्हें असली न समझें।

मेरे आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'ब्लू टिक' होगा, इसलिए सिर्फ उसी अकाउंट को फॉलो करें जिस पर ब्लू टिक हो। मेरे नाम से दिखने वाले अन्य फर्जी अकाउंट्स से दूर रहें। अगर आपको ऐसी कोई प्रोफाइल दिखे, तो तुरंत रिपोर्ट करें। खासकर उन अकाउंट्स को लेकर सावधान रहें जो सब्सक्रिप्शन के नाम पर पैसे मांगते हैं।" रितिका सिंह ने अपने फैंस से इस मामले में सतर्क रहने की अपील की है।

भोजपुरी गाना 'तू मरद नहीं माथा के दरद हवा राजा जी' को मिले 34 करोड़ से ज्यादा व्यूज

यूट्यूब पर मचाया धमाल



भोजपुरी गानों का अपना अलग ही अंदाज होता है। कभी रोमांटिक गाने लोगों को पसंद आते हैं तो कभी पति-पत्नी की मजेदार नोकझोंक पर बने गाने छा जाते हैं। ऐसा ही एक गाना इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रहा है। इसका नाम है 'तू मरद नहीं माथा के दरद हवा राजा जी'। इस गाने को यूट्यूब पर 34 करोड़ से ज्यादा बार देखा जा चुका है। गाने के मजेदार बोल और धुन लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। आपको बता दें कि इस गाने को भोजपुरी गायिका शिवानी सिंह ने गाया है। इसके बोल प्रिंस प्रियदर्शी ने लिखे हैं और संगीत प्रियांशु सिंह ने तैयार किया है। गाने में एक पत्नी अपने पति से नाराज नजर आती है। वह पति के व्यवहार और घर की जिम्मेदारियों को लेकर शिकायत करती है। इसी नाराजगी में वह अपने पति को सिरदर्द तक बता देती है। गाने की यही मजेदार बात लोगों को पसंद आ रही है। ऐसे में गाने के वीडियो में क्वीन टान्या नजर आ रही हैं। उनके डांस और चेहरे के हाव-भाव ने भी दर्शकों का ध्यान खींचा है। यह वीडियो "एमटीआर-डांस जंक्शन" यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ था। अब इसके व्यूज 34 करोड़ के पार पहुंच चुके हैं। सोशल मीडिया पर भी लोग इस गाने पर रील्स बना रहे हैं और अपने वीडियो शेयर कर रहे हैं। इस गाने में पति-पत्नी के बीच होने वाली आम तकरार को देसी और मजेदार अंदाज में दिखाया गया है। पत्नी अपने पति से कहती है कि वह उसे खुश रखने के बजाय परेशान करता है। गाने के बोल और इसकी धुन ऐसी है कि सुनने वाले भी झूमने लगते हैं।

Printed and Published by **GANTYADA APPARAO** on behalf of **GANTYADA APPARAO**, Printed at Sri Sai Ganga Printers and Publishers Flat No: 504, Bharat Towers, 5th Lane, Dwaraka Nagar, Visakhaptanam, Andhra Pradesh-530016, and Published at H.NO: 38-4-216, MAHARANI STREET, MARRIPALEM, Visakhapatnam, Andhra Pradesh-530018, **Editor: GANTYADA APPARAO.** Mobile : 9059465965, **RNI : APHIN/26/A3657**, editorpenpower@gmail.com